Chapter- 12

गांधी बन जाऊँगा

STUDY NOTES

कविता का भावार्थ सरल तथा सहज भाषा में -

हमारे पुज्य बापू यानी की हमारे प्रिय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जीवन से जुड़ी यह एक सुंदर कविता है, इस कविता में बापू के बताए हुए आदर्श, तथा नियम को एक प्यारा बच्चा अपनाकर अपने पूरे जीवन को उनकी तरह बिता कर उनके बताए हुए आदर्श तथा नियम को मानते हुए किस तरह से सबके लिए एक मिशाल बन जाता है, वो बच्चा अपनी प्यारी माँ से यह कह रहा है की, मूझे खादी की चादर, धोती तथा एक घड़ी दे दो इन सबको मैं पहनूँगा और घड़ी को कमर में लटकाऊँगा, अपने दोस्तों के साथ बैठकर रघुपति राघब गाऊँगा, अपना पूरा जीवन मैं गाँव में रहुँगा वहाँ रहकर अपने देश के लिए कुछ काम करूँगा, सत्य की हमेशा जय बोलूँगा।

इस कविता की सच्ची सीख यह है, की देश और समाज को बदल ने से पहले यह ज़रूरी है कि सबसे पहले हम अपने आपको बदलें तभी हम अपने देश और समाज को बदल पाएँगें।

नए शब्द तथा उनके अर्थ :

स्वयं - खुद को या अपने आपको

निर्माण - बनाना या तैयार करना

मित्र - दोस्त या सखा

सैर- घूमना

सवेरे- सुबह

सदा- हमेशा

सत्य- सच

आज्ञा- किसी की भी बात को मानना

खूब- बहुत

क्रोध- गुस्सा

लिखित :

१. जोड़कर लिखिए।

क) निक्कर नहीं ⟶ धोती पहनूँगा

ख) सैर सवेरे ⟶ कर आऊँगा

ग) आज्ञा तेरी ⟶ मैं मानूँगा

घ) सेवा का प्रण ⟶ मैं ठानूँगा

ङ) काम देश का ⟶ सदा करूँगा

२. प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) बालक किस तरह की चादर माँग रहा है?

उ- बालक अपनी माँ से खादी की चादर माँग रहा है।

ख) मित्रों के बीच बालक कौन-सा गीत गाना चाहता है?

उ- मित्रों के बीच बालक रघुपति राघव गीत गाना चाहता है।

ग) बालक कमर में क्या लटकाना चाहता है?

उ- बालक कमर में घड़ी लटकाना चाहता है।

घ) बालक कहाँ जाकर रहना चाहता है?

उ- बालक गाँव में जाकर रहना चाहता है।

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow

३. मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

क) बुरा मत सुनो, बुरा मत देखो, बुरा मत बोलो। आपको इन तीनों में कौन-सी बात ज्यादा पसंद है? क्यों?

उ - इन तीनों बातों में हमें बापू के बताए हुए सारी बातें बहुत पसंद है, क्योंकि बापू ने बिलकुल सही कहा है, हमें अपने जीवन में कभी भी बुरा नहीं सुनना चाहिए, ना कभी बुरा देखना चाहिए, ना बुरी बात करनी चाहिए।

ख) अहिंसा का मतलब क्या है? गांधी जी ने इसे अपनाकर क्या पाया?

उ - अहिंसा का सामान्य अर्थ है हिंसा न करना, अर्थात किसी भी प्राणी को मार-पीट न करना बल्कि, सबके साथ प्रेम प्यार का व्यवहार किया जाना चाहिए। गांधी जी ने इसे अपनाकर पूरे देश को अंग्रेजों के जुल्म से बचाया था तथा साथ में पूरी दुनिया में अहिंसा रूपी ज्ञान का ज्योत जलाया था।

भाषा-ज्ञान :

४. विपरीत अर्थ वाले शब्द।

क) सच - झूठ

ख) अमीर - गरीब

ग) हँसना - रोना

घ) शाम - सवेरे

५. पुनरूक्त शब्द।

क) हँस - हँस

ख) घर - घर

ग) गाँव - गाँव

घ) कभी - कभी

६. कविता में प्रयुक्त समान तुक वाले शब्द छाँटकर लिखिए।

क) जाऊँगा - गाऊँगा

ख) कहूँगा - बोलूँगा

ग) मानूँगा - ठानूँगा

घ) रहूँगा - करूँगा

ङ) लडूँगा - डरूँगा

♦♦♦

ODM EDUCATIONAL GROUP Changing your Tomorrow